दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# बैंकिंग, बीमा, फिनटैक और निवेश पर होगा गहन शोध

## 20 करोड़ की निधि से संचालित होगा वित्तीय अनुसंधान केंद्र

## वित्त मंत्रालय के सचिव एम. नागराजु ने छात्रों को किया प्रेरित




एमडीआई गुरुग्राम के दीक्षांत समारोह में जानकारी देते गणमान्य। (जगजीत सिंह)

सवेरा न्यूज/कास.

गुरुग्राम, 29 मार्च : मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट इंस्टीच्यूट गुरुग्राम ने अपने वार्षिक दीक्षांत समारोह 2025 का आयोजन किया। इस अवसर पर 689 छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। मुख्य अतिथि, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजु (आईएएस) ने छात्रों को नैतिक नेतृत्व और सतत सीखने के महत्व पर जोर देते हुए संबोधित किया। इस दीक्षांत समारोह में एमडीआई गुरुग्राम ने सेंटर फॉर फाइनेंशियल सर्विसेज इन इंडिया की भी घोषणा की, जो वित्तीय अनुसंधान और नीति संवाद को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय केंद्र होगा। इस केंद्र को 20 करोड़ रुपए की निधि से संचालित किया जाएगा और यह बैंकिंग, बीमा, म्यूचुअल फंड, फिनटेक और अन्य वित्तीय क्षेत्रों पर शोध करेगा। इसके साथ ही, एमडीआई गुरुग्राम ने अपने 2024-25 के बेहतरीन प्लेसमेंट सीजन की भी घोषणा की। इस वर्ष 145 कंपनियों ने भाग लिया और 548 छात्रों को उच्च वेतन पैकेज मिले। उच्चतम घरेलू पैकेज 53.58 लाख रहा, जबकि औसत पैकेज 22.62 से 27.39 लाख रहा। प्रमुख भर्तीकताओं में एक्सेंचर, अमेजन, गोल्डमैन सैक्स, जेपी मॉर्गन, मैकिन्जी और टाटा समूह जैसी कंपनियां शामिल रहीं। एमडीआई गुरुग्राम अपने शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के साथ भारत में प्रबंधन शिक्षा का नेतृत्व कर रहा है।